Suit Filed Accounts as on 31.03.97
(Rs. in Lacs)

Name of the Account	Outstanding as on 31.03.97)
Calcutta Vincer Inds	67.15
Enfil Polymers P. Limited	149.62
Koilite Industries (Lamp)	374.50
Medi Drips India Limited	187.78
Quality Steel Wire	104.95
Sree Laxmi Metal	102.86
Sri Ram Carpet Ind.	196.45
Sri Ram Jute products Ind.	125.15
Webel Tools Ind.	128.31
J.K. Steel Limited	84.84
India Housing Finance & Dev	161.82

गुजरात में हवाई यात्रा करने वाले व्यक्ति

*85. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के अन्य राज्यों की तुलना में गुजरात में कितने प्रतिशत हवाई यात्री हैं;

(ख) इस राज्य से प्रतिवर्ष कितने लोग मुम्बई, कलकत्ता, दिल्ली और अन्य शहरों की यात्रा करते हैं;

(ग) इस राज्य में कितने विमानपत्तनों को अत्यधिक लाभकारी पाया गया है और वहां पर किस स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है; और

(घ) किन-किन विमानपत्तनों पर और अधिक सुविधाएं प्रदान किए जाने की आवश्यकता है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहीम): (क) और (ख) देश के कुल यात्री यातायात में गुजरात का अनुमानित हिस्सा अंतरराष्ट्रीय यातायात के लिए 0.8% तथा अंतर्देशीय यातायात के लिए 4.5% है।

(ग) और (घ) अहमदाबाद विमानपत्तन ने नकद लाभ दर्शाया है, इसके अलावा राज्य के अन्य तभी विमानपत्तन अर्थात् बड़ोदरा, पोरबंदर, भुज, राजकोट, सूरत, धावनगर, जामनगर, केशोद, कांडला और दीसा घाटे में चल रहे हैं। अहमदाबाद में आधुनिक दिक्चालनात्मक/संचार सुविधाएं मुहैया कराई जा चुकी हैं और एक नए अंतराष्ट्रीय टर्मिनल की योजना बनाई जा चुकी है। बी-747 श्रेणी के विमानों के प्रचालन के लिए उत्तर-पूर्व दिशा में धावनपथ को 9000 फुट से बढ़ाकर 11500 फुट तक करने का काम शुरू किया जा चुका है।

FERA violation by KRC Group Companies

*86. SHRI S.S. AHLUWALIA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that FERA violation on large scale by the front companies of KRC group owned by Chhabrias was detected by Enforcement Directorate in 1993;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what action was taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) to (c) During 1991, the Mumbai Office of the Enforcement Directorate (ED) had taken up investigations in a case of suspected violation of the provisions of Foreign Exchange Regulation Act (FERA) by M/s. Shaw Wallace & Company Limited, Calacutta and its then Managing Director, Shri K.K. Chhabria, besides two other companies and certain individuals, based on which Show Cause Notices (SCN), were issued during 1993 to these companies/individuals for the alleged violations. These SCNs were adjudicated in July, 1996 but charges against M/s. Shaw Wallace & Company Limited and Sh. K.R. Chhabria were not substantiated.

स्वैच्छिक आय प्रकटन योजना वी०डी०आई०एस० के अन्तर्गत आयकर आयुक्तों को प्राप्त घोषणा फार्म

*87. **श्री राघवजी:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वैच्छिक आय प्रकटन योजना, [illegible] (वी०डी०आई०एस० 97) के अन्तर्गत 31 अक्तूबर, 1997 तक प्रत्येक आयकर आयुक्त को कितने-कितने घोषणा फार्म प्राप्त हुए हैं;

(ख) प्रत्येक आयुक्त ने 31 अक्तूबर, 1997 तक कितने-कितने प्रकरणों में प्रमाण पत्र जारी कर दिए हैं; और

(क) उन प्रकरणों का ब्यौरा क्या है जिनमें प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए हैं और उसके क्या कारण हैं?